सच की ताकत, खबरों के साथ

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ रविवार ♦ 22 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 922

घरों में संपन्न हुए तुलसी पूजन के आयोजन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शुक्रवार को तुलसी पूजन के अनेक आयोजन हुए वहीं शनिवार को भी अनेक घरों में तुलसी पूजन के आयोजन संपन्न किए गए। महिलाओं ने तुलसी माता का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें चुनरी, पुष्प, रोली, अक्षत एवं प्रसाद अर्पित किया। कई घरों में तुलसी के पौधे को आकर्षक रूप से सजाया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न करवाया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।









संयम मार्ग पर अग्रसर मुमुक्षु जहान बेताला का किया अभिनंदन- साध्वीवृंद ने आध्यात्मिक मंगलकामनाओं के साथ दिया मंगल उद्बोधन

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। मालू भवन स्थित साध्वी सेवा केंद्र में शनिवार को व्याख्यान के दौरान सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी लक्ष्यप्रभा जी के सान्निध्य में मुमुक्षु जहान बेताला का मंगल भावना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुमुक्षु के संयम मार्ग पर अग्रसर होने के भावों की अनुमोदना करते हुए उनके आध्यात्मिक जीवन के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की गई। कार्यक्रम में परिवार की ओर से प्रवीण बेताला ने मुमुक्षु जहान बेताला का जीवन वृत्तांत प्रस्तुत किया और उनके संयम मार्ग की ओर बढ़ने की प्रेरक यात्रा के बारे में बताया। मुमुक्षु जहान बेताला ने आत्मकल्याण एवं संयम जीवन के प्रति अपने भाव व्यक्त किए तथा सभी से खमत-खामणा करते हुए क्षमायाचना की। कार्यक्रम का शुभारंभ कांता बरड़िया द्वारा मंगलाचरण से किया गया। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के मंत्री प्रदीप पुगलिया, महिला मंडल की मोनिका मालू तथा युवक परिषद के सहमंत्री सुमित बरड़िया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए मुमुक्षु के प्रति मंगलभावनाएं प्रकट कीं। सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी लक्ष्यप्रभा जी, साध्वी ललित रेखा एवं साध्वी कृष्णा कुमारी ने वक्तव्य के माध्यम से आध्यात्मिक प्रेरणा प्रदान की। वहीं साध्वी नव्य प्रभा, उन्नत प्रभा एवं प्राज्ञ प्रभा ने सामूहिक गीतिका के माध्यम से मुमुक्षु के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त कीं और मंगल उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में संघीय संस्थाओं के सदस्य, पदाधिकारी व समाज के लोग शामिल हुए। मुमुक्षु का सभा और महिला मंडल द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका मालू ने किया।







रेलवे पटरियों पर बिछ रही बेजुबान गौवंश की लाशें, ग्रामीणों में आक्रोश- ट्रेन की चपेट में आने से तीन गायों व एक बछड़े की मौत

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। क्षेत्र के गांव जैसलसर में रेलवे पटरियां बेजुबान गौवंश के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। आए दिन ट्रेन की चपेट में आने से गौवंश की मौत हो रही है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।शुक्रवार शाम को भी एक दर्दनाक हादसे में तीन गौवंश और एक बछड़े की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। ग्रामीण युवाओं ने बताया कि रेलवे पटरियों के दूसरी ओर गांव के अनेक किसानों के खेत हैं। खेतों की ओर आने-जाने के दौरान गौवंश और बेसहारा पशु अक्सर रेलवे ट्रैक पर पहुंच जाते हैं और तेज रफ्तार ट्रेनों की चपेट में आकर जान गंवा देते हैं। शुक्रवार की घटना में एक गर्भिणी गाय भी ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसे में गाय का गर्भस्थ बछड़ा भी बाहर आ गया और दोनों की मौत हो गई। इस हृदयविदारक दृश्य ने ग्रामीणों को झकझोर दिया। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में रेलवे विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने रेलवे प्रशासन से पटरियों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा गौवंश की आवाजाही रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सके।



भाई के विवाह में शामिल होने आ रही बहन ने खोया लाल, ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शनिवार को एक बहन अपने बच्चों के साथ छोटे भाई के विवाह में शामिल होने के लिए पीहर आ रही थी और रास्ते में उसने अपना लाल खो दिया। विवाह के घर में अचानक खुशियां मातम में बदल गई और गांव में भी माहौल गमगीन हो गया। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे हाइवे पर गांव सातलेरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक के खिलाफ श्रीडूंगरगढ़ थाने में मामला दर्ज हुआ है। बिग्गा निवासी किशनलाल पुत्र मंगलाराम मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि 23 नवंबर को उसके छोटे भाई का विवाह है। विवाह में शामिल होने के लिए वह अपनी बहन को विमलादेवी पत्नी पन्नालाल निवासी 42आरबी पदमपुर को अपने बच्चों के साथ लेकर गांव जा रहा था। वे श्रीडूंगरगढ़ घूमचक्कर से गांव बिग्गा जाने के लिए सवारी टैम्पू में बैठे। गांव सातलेरा के निकट एक ट्रक ने लापरवाही व तेज गति से चलते हुए टैम्पू को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। परिवादी ने बताया कि उसकी बहन व 13 वर्षीय भानजी को साधारण चोटें आई। वहीं एक भानजे आकाश को गंभीर चोटें आई व उसे बीकानेर रेफर कर दिया गया। आकाश के छोटे भाई व एक 5 वर्षीय भानजा संजय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिवादी ने ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विदित रहें इस घटना में एक 60 वर्षीय बनवारी पुत्र हनुमा नदास व इनका बेटा 28 वर्षीय जितेंद्र निवासी रतनगढ़ भी गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें बनवारीलाल को भी बीकानेर रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद गांव बिग्गा के पूर्व सरपंच जसवीर सारण सहित अनेक ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक बालक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया।







सालों से बसाई गृहस्थी आग लगने से उजड़ी- ढाणी में लगी आग, अनाज सहित सारा सामान जलकर हुआ खाख

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शनिवार दोपहर करीब 3.30 बजे एक किसान की ढाणी में आग लगने से गहने अनाज सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाख हो गया। क्षेत्र के गांव डेलवा की अगुणी रोही में कोजूराम पुत्र श्रीराम मेघवाल की ढाणी में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। किसान दंपत्ती खेत में कार्य कर रहा था और बच्चे ढाणी में खेल रहें थे। अचानक लगी आग में बच्चो को बाहर निकाल लिया गया। एक झोंपड़े में बंधी बकरियां भी बाहर निकाल ली गई। ढाणी के तीन झोंपड़े सामान सहित जलकर खाख हो गए। कोजूराम ने बताया कि सोने की रखड़ी, चांदी की पाजेब व तागड़ी, 20 हजार नगदी, 3 क्विंटल ग्वार, 4 क्विंटल मोठ, 6 क्विंटल बाजरी सहित कपड़े, बर्तन, बिस्तर सभी सामान जलकर राख हो गया। आग देखकर आस पास के किसान एकत्र हो गए व आग पर काबू पाया गया। प्रशासन व पटवारी को सूचना देकर ग्रामीणों ने किसान की मदद की मांग की है।





लापरवाही - 11 हजार लाइन पर काम कर रहा संविदाकर्मी, लाइन चालू होने से आया करंट, किया रेफर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। विभागीय लापरवाही से करंट की चपेट में आकर एक संविदाकर्मी घायल हो गया। घायल युवक को उपजिला अस्पताल से बीकानेर रेफर कर दिया गया है। बिग्गा से अभयसिंहपुरा के बीच 11 हजार की लाइन का कार्य कर रहा संविदा कर्मी अनिल मेघवाल अचानक शटडाउन में बिजली चालू होने से करंट की चपेट में आ गया। गनीमत रही कि बिजली ने उसे दूर झटक दिया परन्तु तेज झटके से युवक घायल हो गया। आपणो गांव श्रीडूंगरगढ़ सेवा समिति की एंबुलेंस में घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से त्वरित प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे बीकानेर रेफर कर दिया गया।



भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी की निःशुल्क मेगा टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट आज, सीईटी अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा अवसर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए भारती कोचिंग एंड डिफेंस एकेडमी श्रीडूंगरगढ़ एक विशेष शैक्षणिक पहल की गई है। एकेडमी की ओर से सीईटी सीनियर सेकेंडरी लेवल की निःशुल्क मेगा टेस्ट सीरीज आयोजित की जा रही है, जिसके दूसरे टेस्ट का आयोजन रविवार को किया जाएगा। एकेडमी में बुधवार को पहला टेस्ट सफलतापूर्वक आयो जित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। अब दूसरा टेस्ट रविवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगा। इस टेस्ट के माध्यम से अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा के अनुरूप प्रश्नों का अभ्यास करने, समय प्रबंधन सीखने और अपनी तैयारी का स्तर जांचने का अवसर मिलेगा। एकेडमी निदेशक के.आर. फौजी ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी का अवसर उपलब्ध करवाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। टेस्ट सीरीज के जरिए विद्यार्थी अपनी कमजोरियों को पहचान सकेंगे और उन्हें दूर करने के लिए उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सीईटी सीनियर सेकेंडरी लेवल के सभी अभ्यर्थियों से इस निःशुल्क अवसर का लाभ उठाने की अपील की। दूसरे टेस्ट में भाग लेने के लिए विद्यार्थी आज ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है, विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए 810 4531404 पर संपर्क कर सकते है।

राष्ट्रीय किसान संघ की बैठक में मंडी प्रभारी नियुक्त कर दी

जिम्मेदारी, सुचारू खरीद सहित किसान समस्याओं पर की चर्चा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू होने से पहले शनिवार को राष्ट्रीय किसान संघ की विशेष बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष गुमानाराम गोदारा ने की। गोदारा ने किसानों से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए किसान हित में कार्य करने की बात कही। तहसील उपाध्यक्ष नानूराम सुथार ने बताया कि अनाज मंडी में एमएसपी रेट पर मूंगफली तुलवाई व्यवस्थित ढंग से किए जाने, बारदाने की आपूर्ति, किसानों को समय पर भुगतान, संबंधी कार्यों का ध्यान रखने व संबंधित अधिकारी को पूरी जानकारी देने का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में संघ सदस्यों ने अनाज मंडी प्रभारी के रूप में युवा राजकुमार चौधरी की नियुक्ति करते हुए जिम्मेदारी दी। तहसील मंत्री सुभाष भार्गव ने बताया कि बेमौसम से क्षेत्र के किसानों को मूंगफली सहित अन्य फसलों में खासा नुकसान झेलना पड़ा है। संघ ने विशेष गिरदावरी की मांग



करते हुए प्रभावित किसानों को बीमा राशि दिलवाने की मांग प्रशासन से की है। वहीं अन्य सरकारी योजनाओं में भी क्षेत्र के किसानों की भागीदारी बढ़ाए जाने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान संघ सदस्य रामलक्ष्मण चोटिया सहित अनेक सदस्य बैठक में शामिल हुए।



आज शहर के 25 बूथों पर पिलाई जाएगी पोलियो की दो बूंद जिंदगी की- चिकित्सा विभाग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, अभिभावकों से की अपील

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शहर में आज रविवार, 22 नवंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाई जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के अलग-अलग स्थानों पर कुल 25 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां चिकित्सा विभाग की टीमें सुबह से बच्चों को दवा पिलाने के लिए तैनात रहेगी। उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश स्वामी ने शनिवार सुबह प्रचार अभियान के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियोरोधी खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। अभिभावक अपने नन्हे बच्चों को नजदीकी बूथ पर ले जाकर अनिवार्य रूप से दो बूंद दवा पिलवाएं। स्वामी ने बताया कि पोलियो से बचाव के लिए प्रत्येक बच्चे को निर्धारित अभियान के दौरान खुराक दिलवाना जरूरी है। अभियान के दौरान चिकित्सा विभाग की टीमें पूरी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगी। इस अवसर पर रमाकांत शर्मा सहित चिकित्सा विभाग के अनेक कार्मिक उपस्थित रहे।



धूमधाम से मनाया भक्तों ने श्याम बाबा का जन्मदिन



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शुक्रवार को आड़सर बास स्थित श्याम धोरा मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर की सुदंर सजावट की गई व बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने मावा का केक काट कर बाबा को भोग लगाया और जमकर आतिशबाजी करते हुए पटाखे फोड़े। मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्याम श्रृद्धालु शामिल हुए व भक्तिरस का आनंद लेते हुए खूब झूमे। मंदिर में दिनभर भक्तों की रौनक रही और श्रृद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी। वहीं अनेक घरों में भी बाबा का श्रृंगार का प्रसाद भोग लगाकर श्रृद्धालु परिवारों ने बाबा का जन्मदिन मनाया।

एथलेटिक्स में श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय का शानदार प्रदर्शन, तीन पदक जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का मान-

अंकित और हनुमान ने जीते स्वर्ण पदक, ओमप्रकाश ने 5 किलोमीटर दौड़ में हासिल किया कांस्य

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक कांस्य सहित कुल तीन पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से महाविद्यालय सहित क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। खालसा कॉलेज, श्रीगंगानगर में आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय के अंकित जांगिड़ ने गोला फेंक (शॉट पुट) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। वहीं 20 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में हनुमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार 5 किलोमीटर दौड़ में ओमप्रकाश ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के कोच मुकेश जांगिड़ ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार खेल कौशल प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. विनोद सुथार, प्रबंध समिति अध्यक्ष हरिशंकर बाहेती, सचिव श्याम महर्षि एवं उपसचिव रामचंद्र राठी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को फूलमालाओं से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।







मेटा को युवा कांग्रेस ने दी सात दिन की मोहलत, अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाने को लेकर मांगा जवाब

भारतीय युवा कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटा को सात दिनों की मोहलत देते हुए भारतीय सोशल मीडिया अकाउंट्स पर कथित मनमाने प्रतिबंधों और पोस्ट ब्लॉक किए जाने के मामलों में जवाब मांगा है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मेटा ने सात दिनों के अंदर उसकी मांगों पर जवाब नहीं दिया तो डिजिटल अभिव्यक्ति की आजादी की लड़ाई अदालतों से लेकर सड़कों तक लड़ी जाएगी। युवा कांग्रेस ने यह चेतावनी हैदराबाद, गुरुग्राम और मुंबई स्थित मेटा के कार्यालयों के बाहर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद दिया है। संगठन ने चार प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि मेटा पिछले छह महीनों में सरकार के आदेश पर प्रतिबंधित किए गए भारतीय सोशल मीडिया अकाउंट्स की संख्या और अब तक जारी प्रतिबंधों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करे। संगठन ने यह भी सवाल उठाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का उल्लेख करने वाली या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना करने वाली पोस्ट को कथित तौर पर स्वचालित तरीके से ब्लॉक क्यों किया जा रहा है। संगठन ने विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और कंटेंट क्रिएटर्स की आवाज पर लगाए गए सभी गैरकानूनी प्रतिबंध तत्काल हटाने की मांग की। साथ ही मेटा से भारत के संविधान का सम्मान करने और किसी राजनीतिक दल के निर्देशों के बजाय संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप काम करने को कहा।



धूमधाम से मनाया भक्तों ने श्याम बाबा का जन्मदिन



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। बाबा को केक का भोग व फूलों की सजावट कर मनाया जन्मोत्सव।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। शुक्रवार को आड़सर बास स्थित श्याम धोरा मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर की सुदंर सजावट की गई व बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने मावा का केक काट कर बाबा को भोग लगाया और जमकर आतिशबाजी करते हुए पटाखे फोड़े। मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्याम श्रृद्धालु शामिल हुए व भक्तिरस का आनंद लेते हुए खूब झूमे। मंदिर में दिनभर भक्तों की रौनक रही और श्रृद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगी। वहीं अनेक घरों में भी बाबा का श्रृंगार का प्रसाद भोग लगाकर श्रृद्धालु परिवारों ने बाबा का जन्मदिन मनाया।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। घरों में भी श्रृद्धालु परिवारों ने ज्योत आरती, पूजन व भोग के आयोजन कर बाबा का जन्मोत्सव मनाया।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्याम धोरा मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बाबा का जन्मोत्सव।

JET-2026 में भारती निकेतन के सलेक्ट हुए 11 विद्यार्थियों का किया सम्मान, कृषि क्षेत्र में नवाचार की दी प्रेरणा









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 22 नवंबर 2026। क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थान भारती निकेतन स्कूल ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में शानदार परिणाम दिया है। स्कूल के 11 विद्यार्थियों का चयन JET-2026 में हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभागार में शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर चयनित विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान के डायरेक्टर श्रीकृष्ण स्वामी ने उन्हें कृषि शिक्षा के माध्यम से देश के कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने, आधुनिक तकनीक अपनाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए प्रेरित किया गया। कृषि संकाय के वक्ताओं ने कहा कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

इन 11 विद्यार्थियों को किया सम्मानित।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। संस्थान के डायरेक्टर गिरधरगोपाल स्वामी ने बताया कि विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कॉलेजों में प्रवेश मिला है। वहीं समारोह में छात्रा कविता गोदारा, श्रीभगवान पूनियां, तनीषा सैन, अनीता लिखाला, राधिका सैन, धर्म पाल सैन, राजवीर गोदारा, मोनू, अनुप्रिया गोदारा, विकास चोटिया, रामप्रकाश डेलू का फूल माला, साफा, सम्मान दुपट्टा व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान कृषि संकाय के सभी विद्यार्थी व फैकल्टी सहित स्कूल का स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान में राजस्थान की प्रभावी भागीदारी

जयपुर। नशा मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्थान निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। प्रदेश में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने, युवाओं को नशे से दूर रखने तथा सामाजिक सहभागिता के माध्यम से नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत राजस्थान में अब तक नशामुक्ति पर 2 लाख 94 हजार 536 संकल्प लिए गए हैं। वहीं, 1 करोड़ 45 लाख 70 हजार से अधिक लोगों तक नशे के विरूद्ध जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया है। इनमें 53 लाख 66 हजार युवा तथा 35 लाख 89 हजार महिलाएं शामिल हैं। अभियान के अंतर्गत प्रदेश में अब तक 13 हजार 590 जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई हैं। वहीं, नशामुक्ति के संदेश को नव पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से 23 हजार 460 शैक्षणिक संस्थानों में अभियान संचालित किया गया है।

नशा मुक्त युवा राष्ट्रीय विकास की वास्तविक पूंजी- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ऊर्जावान, जागरूक और नशा मुक्त युवा ही राष्ट्रीय विकास की वास्तविक पूंजी हैं तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राज्य सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों में नशीले पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से 350 से अधिक महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों में नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही, राज सवेरा कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालयों में नशामुक्ति वार्ड स्थापित किए जा रहे हैं तथा नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। वहीं, राजस्थान में 100 सप्ताह के लिए नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन भी संचालित है। नशा मुक्त भारत अभियान में जनभागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नशामुक्ति मित्रों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। ये मित्र समाज में जागरूकता, नशे के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण निर्माण तथा नशे की समस्या से प्रभावित व्यक्तियों को सहयोग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में वर्तमान में 6 हजार 492 नशामुक्ति मित्र सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार ने जालौर, बीकानेर, जयपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, बाड़मेर, अजमेर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़, चुरू और नागौर सहित कुल 11 जिलों में संस्थाओं का चयन कर 25-25 बेड क्षमता के नशामुक्ति केन्द्रों का संचालन प्रारंभ किया हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशीले पदार्थों के सेवन की समस्या से निपटने के लिए किए जाने वाले प्रयास केवल नियमित या प्रतीकात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं होने चाहिए। उन्होंने युवाओं के बीच जागरूकता पैदा करने और समाज की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यवहार में स्थायी बदलाव तभी आ सकता है, जब समाज खुद इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हो। प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप राजस्थान में नशे के विरूद्ध सामाजिक क्रांति पर कार्य किया जा रहा है।

लक्ष्य सेन का लगातार 13 जीत का सिलसिला टूटा, सेमीफाइनल में भारत का सफर खत्म

शनिवार को हांगकांग ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में, भारत के लक्ष्य सेन को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही लक्ष्य सेन की लगातार 13 जीत का सिलसिला भी थम गया। इस हार के अलावा, पुरुष युगल सेमीफाइनल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की हार के साथ ही, बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया। बैडमिंटन रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद लक्ष्य सेन को हांगकांग, चीन के काई ताक एरिना में, दुनिया के नंबर 3 और तीसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एंटोनसन ने 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-13 से हराया। लक्ष्य ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत की और 7-6 की मामूली बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद एंटोनसेन ने अगले छह में से पांच अंक जीतकर मिड-गेम इंटरवल तक 11-8 की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद भी डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने अपना दबदबा बनाए रखा और पहला गेम 21-13 से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम काफी हद तक एकतरफा रहा, जिसमें एंटोनसन ने तेजी से 8-3 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने वापसी की कोशिश करते हुए अंतर को 8-6 तक कम किया, लेकिन एंटोनसन ने खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और सीधे गेम में जीत हासिल कर ली। मैच के बाद लक्ष्य ने स्वीकार किया, ÷आज उनके साथ गति (पेस) बनाए रखना मेरे लिए बहुत मुश्किल था। 25 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने माना कि रैलियों के दौरान वह बेसब्र हो गए थे, और बताया कि थकान का उनके खेल पर असर पड़ा था। लक्ष्य ने कहा, ÷पिछले दो हफ्तों से मेरे दोनों पैर काफी थक गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपने कोच से कोर्ट पर बहुत ज़्यादा फिसलने से बचने के बारे में बात की थी, क्योंकि इससे चोट लगने का खतरा रहता है। इस नतीजे के साथ, एंटोनसन की लक्ष्य के खिलाफ %हेड-टू-हेड बढ़त 6-3 हो गई है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने विश्व सिंधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में की सहभागिता- प्रशासन, शिक्षा और राजनीति में सिंधी समाज की बढ़े सहभागिता

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शनिवार को दीव में आयोजित विश्व सिंधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए सम्मेलन का उद्घाटन किया। श्री देवनानी ने सिंधी समाज की गौरवशाली ऐतिहासिक परम्परा, सांस्कृतिक वैभव, उद्यमशीलता, सामाजिक एकजुटता तथा राष्ट्र के प्रति उसके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि सिंधी समाज ने विस्थापन और विषम परिस्थितियों के बीच भी अपने परिश्रम, पुरुषार्थ, उद्यमिता और अदम्य संकल्प के बल पर समाज एवं राष्ट्र के विकास में विशिष्ट स्थान अर्जित किया है।

सिंधी समाज की प्रशासन शिक्षा और राजनीति में बढ़े सहभागिता–

श्री देवनानी ने कहा कि भारत में सिंधी समाज की जनसंख्या एक करोड़ से अधिक है। यह समाज आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक दृष्टि से सशक्त होने के साथ ही अपनी प्रतिभा, संगठन क्षमता और उद्यमशीलता के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। देश के आर्थिक विकास, व्यापार, उद्योग और सामाजिक प्रगति में सिंधी समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। समाज की इस सामर्थ्य का व्यापक उपयोग राष्ट्र निर्माण में होना चाहिए। इसके लिए प्रशासनिक, शिक्षा, राजनीति, शासन-व्यवस्था, नीति निर्धारण तथा सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सिंधी समाज की सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होनी आवश्यक है। समाज के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य राष्ट्रीय दायित्वों में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी योग्यता, अनुभव और दृष्टि का लाभ देश को प्राप्त हो सके।

नई पीढ़ी अपनी गौरवशाली विरासत और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े

स्पीकर श्री देवनानी ने कहा कि सामाजिक सेवा, साहित्य, भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में भी सिंधी समाज का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। समाज ने अपनी सांस्कृतिक पहचान और परम्पराओं को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखा है। किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी नई पीढ़ी में निहित होती है। सिंधी समाज के युवाओं को अपने पूर्वजों के संघर्ष, त्याग, पुरुषार्थ और उपलब्धियों का सम्यक् परिचय होना चाहिए। उन्हें अपने गौरवशाली इतिहास की जानकारी होनी चाहिए, जिससे वे अपनी विरासत पर गर्व की अनुभूति कर सकें और उसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। नई पीढ़ी इस विरासत से प्रेरणा लेकर शिक्षा, प्रशासन, उद्योग, व्यापार, विज्ञान, तकनीक और सार्वजनिक जीवन में अग्रणी भूमिका निभाए तथा अपनी प्रतिभा को राष्ट्र की प्रगति के लिए समर्पित करे। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा और साहित्य भारत की बहुभाषिक एवं बहुसांस्कृतिक विरासत की अमूल्य निधि हैं। संतों, मनीषियों, साहित्यकारों और समाज सुधारकों की परम्परा ने सिंधी समाज को आध्यात्मिकता, सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों की समृद्ध दृष्टि प्रदान की है। इस विरासत का संरक्षण परिवार, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवा मंचों के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है।

विस्थापन की विषम परिस्थितियों में भी सिंधी समाज ने अक्षुण्ण रखी अपनी पहचान

श्री देवनानी ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास साहस, स्वाभिमान, सांस्कृतिक निष्ठा और पुनर्निर्माण की अद्भुत गाथा है। सिंध की प्राचीन सभ्यता से लेकर भारत के विभाजन के समय हुए विस्थापन तक समाज ने अनेक ऐतिहासिक परिस्थितियों का सामना किया। अपनी जन्मभूमि से दूर आने के बावजूद सिंधी समाज ने अपनी भाषा, साहित्य, धार्मिक आस्थाओं, व्यापारिक परम्पराओं और सांस्कृतिक संस्कारों को जीवंत रखा। सीमित संसाधनों से नई शुरुआत कर आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा अर्जित करना इस समाज की कर्मठता और संकल्पशक्ति का परिचायक है। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि सिंधी विश्वविद्यालय की स्थापना हो, सिंधी फिल्मों को बढ़ावा मिलने के साथ गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस परेड में सिंधी समाज की झांकी शामिल की जानी चाहिए। श्री सिंधी समाज ऊना के अध्यक्ष श्री ईश्वर जेठवानी, पूर्व एमएलसी श्री गुरमुख जगवानी, महासागर ट्रैवल्स के प्रबंध निदेशक श्री कालूभाई सुखवानी, युगांडा से श्री पीताम्बर दलवानी, अधिवक्ता श्री लोकेश करिया, श्री सिंधी समाज ऊना के श्री मनीष करिया तथा दुबई से श्री सतीश चंदवानी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। सम्मेलन में अमेरिका, स्पेन, दुबई, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग सहित लगभग 15 देशों के प्रतिनिधियों तथा हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता की । विश्व सिंधी सम्मेलन का आयोजन दीव द्वीप पर श्री सिंधी समाज, ऊना द्वारा किया गया।







अरुणाचल प्रदेश के विकास और देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है सियांग परियोजना - शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 11,200 मेगावाट की सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट (एसयूएमपी) को अरुणाचल प्रदेश के विकास और देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। श्री शाह ने सियांग क्षेत्र के लोगों, विशेषकर आदि समुदाय को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार बातचीत के जरिए उनकी चिंताओं का समाधान करेगी और उनकी सांस्कृतिक पहचान, अधिकारों तथा हितों से कोई समझौता नहीं करेगी। बांदरदेवा स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी) में अरुणाचल प्रदेश पुलिस को प्रतिष्ठित %प्रेसिडेंट्स पुलिस कलर्स% से सम्मानित करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह महत्वाकांक्षी जलविद्युत परियोजना भारत की ऊर्जा क्षमता को बढ़ायेगी और राज्य की आर्थिक वृद्धि तथा राजस्व सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने इस परियोजना को अरुणाचल प्रदेश के भविष्य के लिए अहम बताते हुए कहा कि इससे देश के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और राज्य की आय में भी वृद्धि होगी। प्रस्तावित परियोजना को लेकर, विशेषकर सियांग क्षेत्र के लोगों की चिंताओं पर गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार प्रभावित समुदायों के साथ सकारात्मक चर्चा और परामर्श करेगी, ताकि विश्वास कायम हो सके और आपसी सहमति से समाधान निकाला जा सके। उन्होंने सियांग क्षेत्र के लोगों, खासकर आदि समुदाय के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक अधिकार और हित पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा, मैं सियांग के अपने भाइयों और बहनों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम आपके साथ सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत करेंगे, ताकि इस परियोजना में आपका विश्वास बन सके। बातचीत के जरिए ही हम आपकी चिंताओं का समाधान निकाल सकते हैं। आपको इस बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। यह दोहराते हुए कि सरकार आदि समुदाय की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करती है , श्री शाह ने कहा कि विकास की कीमत पर मूल निवासियों की पहचान और अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷हम आपकी संस्कृति और उससे जुड़ी हर चीज को प्राथमिकता देते हुए आगे बढ़ने का रास्ता निकालेंगे। आप राज्य सरकार और गृह विभाग के साथ जुड़ें और बातचीत करें। यह परियोजना अरुणाचल के युवाओं के भविष्य और विकास के लिए है और हम इसे केवल आपके भरोसे के साथ ही आगे बढ़ाएंगे। केंद्र सरकार लोगों के अधिकारों और पहचान के साथ कोई समझौता नहीं करेगी। श्री शाह ने आश्वासन दिया कि सरकार इस परियोजना से प्रभावित लोगों के लिए देश के %सबसे आकर्षक% पुनर्वास और पुनर्स्थापन पैकेजों में से एक उपलब्ध करायेगी। उनके ये बयान सियांग क्षेत्र के कुछ लोगों के बीच प्रस्तावित मेगा परियोजना को लेकर चल रहे विरोध और आशंकाओं के बीच आये हैं, जहाँ स्थानीय संगठनों और समुदायों ने इसके संभावित सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक प्रभावों को लेकर चिंता जतायी है। श्री शाह ने अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि राज्य की संवेदनशील भौगोलिक स्थिति के कारण देश की सुरक्षा के लिए इसका सुरक्षित रहना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस सीमावर्ती राज्य में शांति बनाए रखना और विकास सुनिश्चित करना, दोनों ही समान रूप से जरूरी हैं। अरुणाचल प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं तीन देशों के साथ कुल 1863 किलोमीटर तक लगती हैं, जिसमें तिब्बत-चीन के साथ 1126 किलोमीटर, म्यांमार के साथ 520 किलोमीटर और भूटान के साथ 217 किलोमीटर की सीमा शामिल है। नशीले पदार्थों की तस्करी के बढ़ते खतरे की ओर इशारा करते हुए, उन्होंने अरुणाचल प्रदेश को ड्रग-तस्करी कॉरिडोर का हिस्सा बताया और ड्रग नेटवर्क के खिलाफ लगातार सतर्कता बरतने तथा प्रभावी कार्रवाई करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नशीले पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों से निपटने में अरुणाचल पुलिस की सतर्कता और उनके प्रयासों की सराहना की। इससे पहले समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने %प्रेसिडेंट्स पुलिस कलर% मिलने को अरुणाचल प्रदेश के इतिहास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने इसे देश में किसी पुलिस बल को दिए जाने वाले सर्वोच्च संस्थागत सम्मानों में से एक करार दिया। इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और श्री शाह का आभार व्यक्त करते हुए, खांडू ने इस उपलब्धि पर अरुणाचल प्रदेश पुलिस के सभी कर्मियों - सेवारत और पूर्व कर्मियों - को बधाई दी। राज्य पुलिस बल के विकासक्रम का जिक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि शुरुआत में अरुणाचल प्रदेश सुरक्षा सहायता के लिए असम राइफल्स पर निर्भर था। अरुणाचल प्रदेश पुलिस की स्थापना 1971 में नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (एनईएफए) के दौर में हुई थी और इसका मुख्यालय शुरुआत में शिलांग से काम करता था। बाद में, 1973 में बांदरदेवा में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया। श्री खांडू ने बताया कि एक साधारण शुरुआत से लेकर आज तक, यह बल दशकों में काफी विस्तारित हुआ है। अब इसमें चार रेंज, 29 पुलिस स्टेशन, अरुणाचल प्रदेश पुलिस की पांच बटालियन, इंडिया रिजर्व पुलिस की पांच बटालियन और लगभग 16,500 कर्मी शामिल हैं। अरुणाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए श्री शाह आज बाद में लोक भवन में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें करेंगे। इन बैठकों में विकास कार्यों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर चर्चा होगी। वह रविवार को दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वह अरुणाचल प्रदेश कोऑपरेशन विजन डॉक्यूमेंट 2047% (सहकारिता विजन दस्तावेज 2047) जारी करेंगे, कोऑपरेशन अवार्ड्स (सहकारिता पुरस्कार) प्रदान करेंगे और सरस मेला% का उद्घाटन करेंगे। नयी दिल्ली लौटने से पहले वह होलोंगी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 12वीं बटालियन के स्थायी परिसर का भी उद्घाटन करेंगे।

पुष्कर मेला 2026- रेगिस्तान के रंगों में जीवंत हो रही राजस्थान की संस्कृति और परंपरा सजे-धजे ऊंटों और विदेशी सैलानियों के आकर्षण से गुलजार हुआ पुष्कर मेला



जयपुर,21 नवम्बर। राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का प्रतीक विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला 2026 अपने अनूठे रंगों के साथ इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 17 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित हो रहे इस मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक, श्रद्धालु और पशुपालक पहुंच रहे हैं। पुष्कर की रेतीली धरती पर सजे-धजे ऊंट, घोड़े, रंग-बिरंगी राजस्थानी पोशाकें और संगीत की गूंज यहां आने वाले लोगों को राजस्थान की असली संस्कृति से रूबरू करा रही है। पुष्कर मेला पशुओं की खरीद-बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजस्थान की लोक कला, परंपरा, खानपान व्यापार और धार्मिक विरासत का अनूठा संगम है। मेले में राजस्थान के अलग-अलग जिलों से पशुपालक अपने ऊंट, घोड़े और अन्य पशुओं के साथ पहुंच रहे हैं। ऊंटों को आकर्षक आभूषणों, रंगीन कपड़ों और पारंपरिक डिजाइनों से सजाया गया है, जो पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बने हुए हैं। पुष्कर अपने खास खानपान के लिए भी मशहूर है। यहां रबड़ी मालपुआ, खस्ता कचौड़ी..दाल-बाटी चूरमा और ऊंटनी के दूध की चाय खासतौर पर लोगो के स्वाद का केन्द्र बनी हुई हैं.

पुष्कर सरोवर में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन कारोबार को मिल रहा बढ़ावा

मेले का धार्मिक पक्ष भी बेहद खास है। पुष्कर सरोवर के घाटों पर अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। यहाँ 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विशेष स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। शाम के समय सरोवर के घाटों पर होने वाली महाआरती श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगी। पुष्कर मेले से स्थानीय व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, होटल संचालकों और छोटे दुकानदारों को भी रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। मेले में राजस्थानी आभूषण, पारंपरिक कपड़े, हस्तनिर्मित वस्तुएं और स्थानीय खान-पान की दुकानों पर पर्यटकों की अच्छी चहल-पहल देखने को मिल रही है।

पुष्कर मेले में करोड़ो के घोड़े की चर्चा

पुष्कर मेले में घोड़े लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल रेट कार्ड और लोगों के बीच हो रही चर्चाओं में कुछ घोड़ों की कीमत करोड़ो रुपये तक बताई जा रही है। इन घोड़ों की खूबसूरती और कद-काठी देखने के लिए राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंच रहे हैं।

भारत की जीत का सिलसिला जारी, दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराया



डिफेंडिंग चैंपियन भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। शनिवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-1 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज करते हुए, भारत ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत हासिल की। मुमताज खान ने 30वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया, और इसके बाद तीसरे क्वार्टर में सुनेलिता टोप्पो ने गोल दागा। दक्षिण कोरिया की ओर से यंग्युन होंग ने 56वें मिनट में एक गोल किया। टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार दूसरी जीत है; इससे पहले गुरुवार को भारत ने मलेशिया को 4-1 से हराया था।

अब रविवार को भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। मुमताज खान ने 30वें मिनट में शानदार फील्ड गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद, तीसरे क्वार्टर की शुरुआत के चार मिनट बाद, सुनेलिता टोप्पो ने पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम ने शानदार शुरुआत की और शुरुआत में खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। भारतीय खिलाड़ी आसानी से बार-बार कोरियाई सर्कल में पहुंचे, लेकिन वे इन मौकों को गोल में बदलने में नाकाम रहे। जल्द ही भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन नवनीत कौर के दूसरे प्रयास को कोरियाई गोलकीपर ने बचा लिया। नवनीत ने अपने शानदार खेल से भारत के लिए कई मौके बनाए, लेकिन उनकी सारी कोशिशें बेकार गईं क्योंकि कोरियाई खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में बचाव करते हुए अपने गोल को सुरक्षित रखा। भारतीय डिफेंस की ओर से एक बेहतरीन पास नवनीत तक पहुँचा, जिन्होंने आगे दीपिका को गेंद दी। दीपिका के शॉट को कोरियाई गोलकीपर ने रोक दिया, लेकिन मुमताज सही समय पर सही जगह मौजूद थीं और उन्होंने गेंद को गोल में पहुँचाकर हाफ-टाइम से ठीक पहले भारत को बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम के बाद भी भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा और लगातार हमले करके कोरियाई डिफेंस पर दबाव डाला। हाफ-टाइम के तुरंत बाद कप्तान सलीमा टेटे ने भारत के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन दीपिका के फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर ने बचा लिया। नवनीत के सीधे प्रयास के बाद, पेनल्टी कॉर्नर पर सुनेलिता ने शानदार टच के साथ भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया और इस बढ़त को अंत तक बनाये रखा।

ट्रम्प एवं शी एआई को सैन्य मामलों में फैसला लेने की अनुमति नहीं देने पर सहमत - बेसेंट



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शेन्ज़ेन में अपनी मुलाकात के दौरान इस बात पर सहमति व्यक्त की कि सैन्य मामलों में अंतिम निर्णय कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बजाय इंसानों को लेना चाहिए। यह जानकारी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने शुक्रवार को दी। श्री बेसेंट ने सीएनबीसी को बताया, ÷मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण था कि राष्ट्रपति ट्रम्प और राष्ट्रपति शी इस बात पर सहमत हुए कि सुपर इंटेलिजेंस (एसआई) द्वारा लिए जाने वाले किसी भी सैन्य फैसले में इंसानों की भागीदारी हमेशा होनी चाहिए, और एसआई को बड़े सैन्य कदमों के लिए पूरी तरह स्वतंत्र नहीं होने दिया जाना चाहिए। इस महीने की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि स्वायत्त हथियार प्रणालियां राजनीतिक रूप से अस्वीकार्य हैं और इनके इस्तेमाल तथा वितरण पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन 18-19 नवंबर को चीन के शेन्ज़ेन शहर में आयोजित हुआ। एपेक में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 21 देश शामिल हैं, जिनमें रूस भी है। इन देशों का वैश्विक जीडीपी में 60 प्रतिशत से अधिक, विश्व की जनसंख्या में 36 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 50 प्रतिशत योगदान है।

